## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, एकादश खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरा0

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 13.10.2021 को आयोजित चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त**

जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–आ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की चतुर्थ बैठक इस खण्ड के पत्रांक 904/जेजेएम/505 दिनांक 12.10.2021 द्वारा दिनांक 13.10.2021 को आयोजित की गयी है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. मुख्य विकास अधिकारी – सदस्य
2. जिला विकास अधिकारी – सदस्य
3. प्रभागीय वनाधिकारी स्वयं अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य – सदस्य
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, – सदस्य
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, – सदस्य
6. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई – सदस्य
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, – सदस्य
8. जिला कृषि अधिकारी, – सदस्य
9. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, – सदस्य

1. अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), एकादश खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन अर्न्तगत राज्य पेयजल मिशन (SWSM) द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी.सी.इ.एल.(जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद में 10 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 प्रस्तुत की गई है। समस्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 को (SWSM) तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकि गाइडलाइन के अनुरूप जाँच करने के उपरान्त तकनीकि रूप से अर्ह पाया गया है तथा सक्षम स्तर से हस्ताक्षरित है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी, 12.50 प्रतिशत विभागीय सैंटेज तथा 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। SWSM द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार 12.50 प्रतिशत सैंटेज के व्यय का प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में ही किया गया है।

शासनादेश सं0–51/2021/1883/छियत्तर–1–2021–25सम/2019, दिनांक–06.08.2021 के अनुसार रू0 5.00 करोड़ से कम लागत की योजनाओं की स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा एवं रू0 5.00 करोड़ से अधिक लागत की योजनाओं की स्वीकृति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा प्रदान की जानी है। इसके अतिरिक्त शासनादेश 53/2021/ 2774/छियत्तर–1–2021 ई–फाइल सं0–76–1099/165/2021–1 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 06 अक्टूबर 2021, एवं शासनादेश 2729/2021/2850/छियत्तर–1–2021 ई–फाइल सं0–76–1099/165/ 2021–1 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 28 सितम्बर 2021 एवं (SWSM) द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार योजना हेतु Per Capita Cost जो की रू0 6000.00 से कम है। अतः उपरोक्तानुसार फर्म द्वारा प्रस्तुत एवं उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण के सक्षम स्तर से तकनीकी

स्वीकृत उक्त 10 नग पेजल योजनाओं की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मुरादावाद को इस बैठक में निम्नविवरणानुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है एवं विस्तृत विवरण संलग्नक–1 के अनुसार है :–

| 0 सं0 | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख) | सैंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवादा | डिलारी | 1 | 371 | 176.34 | 19.68 | 196.02 | 5906 |
| 2 | महमूदपुर लाल | डिलारी | 1 | 562 | 234.29 | 26.15 | 260.44 | 4295 |
| 3 | सिंघावली | डिलारी | 1 | 311 | 174.18 | 19.44 | 193.62 | 5945 |
| 4 | कुरी | डिलारी | 1 | 293 | 142.03 | 15.85 | 157.88 | 5679 |
| 5 | भायपुर | ठाकुरद्वारा | 1 | 1035 | 362.24 | 40.43 | 402.67 | 4275 |
| 6 | लालपुर गुसाई | ठाकुरद्वारा | 1 | 396 | 204.48 | 22.82 | 227.30 | 5982 |
| 7 | करनावाला जब्ती | ठाकुरद्वारा | 1 | 403 | 220.36 | 24.59 | 244.95 | 5943 |
| 8 | खैरूल्लापुर | ठाकुरद्वारा | 1 | 369 | 185.01 | 20.65 | 205.66 | 5966 |
| 9 | अन्यारी उर्फ अलीनगर | छजलैट | 1 | 360 | 187.87 | 20.97 | 208.84 | 5962 |
| 10 | बरखेड़ा उर्फ बंसतपुर दयानाथपुर | छजलैट | 1 | 615 | 236.46 | 26.39 | 262.85 | 4815 |
| | योग | | 10 | 4715 | 2123.26 | 236.97 | 2360.23 | 54767 |

आधार वर्ष 2022, मध्य वर्ष 2025 एवं अभिकल्पित वर्ष 2052 की जनसंख्या विगत 5 दशको की जनगणना वर्ष 1971, 1981, 1991, 2001 व 2011 की जनसंख्या के आधार पर CPHEEO Manual में जनसंख्या पूर्वानुमान हेतु दी गयी विभिन्न विधियों में से 5 विधि नामतः Arithmetical Increase Method, Geometrical Increase Method, Incremental Increase method, Simple Graph Method, Semi log Graph Method द्वारा पूर्वानुमानित की गयी जनसंख्या की औसत जनसंख्या के निकट की जनंसख्या ली गयी है।

उपरोक्त समस्त 10 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, मुरादाबाद (DWSM) द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत प्रदान की जाती है, अतः उक्त 10 नग योजनाओं को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ (SWSM) को प्रेषित करने हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये।

**कार्यवाही :–(अधिशासी अभियन्ता, एकादश खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद)**

2. जनपद मुरादाबाद हेतु M/s Himalayan Institute Hosipal Trust को ISA के कार्यो के सम्पादन हेतु नामित किया गया था। M/s Himalayan Institute Hosipal Trust द्वारा अपने पत्रांक एच0आइ0एच0टी0 / जेजेए(यू0पी0) / 284 दिनांक 20.03.2021 द्वारा असहमति प्रकट की गयी है। जिससे राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ अवगत कराते हुये अन्य किसी एजेन्सी को आई0एस0ए0 नामित करने हेतु अनुरोध किया जा चुका है। अतः राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से जनपद मुरादाबाद हेतु आई0एस0ए0 नामित कराने हेतु पुनः अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही :–(अधिशासी अभियन्ता, एकादश खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद)**

3. योजनाओं पर भूमि उपलब्धता :– स्वीकृत 261 ग्रामो की योजनाओं को विरचित किये जाने हेतु समस्त ग्रामो में ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा भी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जायें।

**कार्यवाही :–(समस्त उपजिलाधिकारी जनपद मुरादाबाद)**

4. जनपद मुरादाबाद हेतुं 93 ग्रामों में पाईप पेयजल योजनाओं के विरतृत प्राक्कलन पर दिनांक 30.06.2021 एवं 27.07.2021 को एस0एल0एस0एस0सी0 की बैठक में स्वीकृत प्राप्त हो गयी। जिसके सापेक्ष 53 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कवर एग्रीमेन्ट प्राप्त हो गये है एवं 22 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। अतः शेष ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित करना सुनिश्चित करे।

**कार्यवाही :–(अधिशासी अभियन्ता, एकादश खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद)**

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
मुरादाबाद

पृ0सं0 923/JJM/509 एवं दिनांक 13.10.2021

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
9. जिला वनाधिकारी, मुरादाबाद।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।
12. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस / सिंचाई, मुरादाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
14. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद।
15. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
मुरादाबाद